गुरूद्वारों में गुरूबाणी-कीर्तन

श्रीगंगानगर, (कासं)। सिखों के प्रथम गुरू गुरूनानक देव के 556 वें प्रकाश पर्व पर जिले भर में उत्साह का माहौल रहा। सुबह 5 बजे से ही संगत गुरूद्वारों में सेवा के लिए पहुंचने लगी। शहर के गुरूद्वारा श्री नानक दरबार साहिब में सुबह अखंड पाठ का भोग डाला गया, जिसमें हजारों की भीड़ उमड़ी।

इसके बाद रागी जत्थों ने शब्द-कीर्तन किया। साथ ही गुरू का अटूट लंगर बरताया गया। वहीं लालगढ़ जाटान में स्थित गुरूद्वारा सिंह सभा में गुरूनानक जयंती पर पटाखे फोड़े गए और आतिशबाजी हुई। साथ ही अखंड पाठ के भोग के बाद गुरू का अटूट लंगर बरताया गया। पाठी-सिंहों व रागी जत्थों ने गुरू नानकदेव के जीवन, उपदेशों और तीन सूत्रों नाम जपो, किरत करो, वंड छको पर प्रकाश डाला।

संगत ने बड़े ही श्रद्धा भाव से कीर्तन सुना और गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेका। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक, हर उम्र के लोग गुरूद्वारों में सेवा करने आए। लालगढ़ जाटान के गुरुद्वारा सिंह सभा में सुबह 11 बजे अखंड पाठ का भोग डाला गया। यहां जलेबी, दाल, रोटी, सब्जी और हलवे का लंगर लगाया गया। गुरूद्वारा साहिब में पाठ का भोग डालते ही पटाखे चलाए गए और आतिशबाजी हुई।

तीन दिनों तक रोजाना सेवा करने वाले सेवादारों को जसविंदर सिंह व पाठी गोरा सिंह ज्ञानी ने सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। छात्र खुश्मीत एंड पार्टी ने गुरूनानक देव के जीवन और कार्यों पर आधारित आकर्षक प्रदर्शनी लगाई। जिसमें गुरू के उद्धरण, चित्र और मॉडल शामिल थे। मास्टर बलदेव सिंह ने प्रदर्शनी में भाग लेने वाली छात्राओं को इनाम देकर प्रोत्साहित किया।

गाजे-बाजे से निकली भगवान की सवारी, गौड़ी पार्श्वनाथ में पूजा आज

बीकानेर, (कासं)। चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के तत्वावधान में सकल श्री संघ के सहयोग से बुधवार को भगवान की सवारी गाजे-बाजे से निकली। सवारी में शामिल भजन मंडलियों ने जैन बाहुल्य मोहल्लों में परमात्म भक्ति के गीतों की प्रस्तुतियां दी। सवारी में भगवान शांतिनाथ की प्रतिमा रथ पर प्रतिष्ठित थी।

भगवान शांति नाथ की प्रतिमा का

- **रथ पर भगवान शांतिनाथ की प्रतिमा थी, सजे संवरे 9 ऊंट गाड़ों पर बच्चे सवार थे**

श्रावक-श्राविकाओं ने धूप, दीप व भेंट चढ़ाकर वंदना की। गोगागेट के बाहर गौड़ी पार्श्वनाथ में गुरूवार को पूजा होगी। श्री चिंतामणि जैन मंदिर में शाम को 108 दीपकों से आरती की गई।

जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ के गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर, मुनि मंथन प्रभ सागर, बाल मुनि मीत प्रभ सागर, बीकानेर की साध्वी दीपमाला व शंखनिधि श्रीजी, जैन श्वेताम्बर पार्श्वचन्द्र गच्छ की वयोवृद्ध साध्वी पदम प्रभा व सुव्रताश्रीजी ने कुछ देर भजन मंडलियों की प्रस्तुतियों को देखा तथा गायकों को आशीर्वाद दिया। गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर म.सा. ने इस अवसर पर कहा कि प्रभुवर की भक्ति एवं भजन अशांत संसार से मुक्ति और शांतिमय जीवन जीने का सरल मार्ग है। प्रभु भक्ति की साधना सहज होने के कारण इसे कोई कर सकता है। प्रभु भक्ति से अंतर में प्रभु से प्रीति होती है और वही प्रीति नश्वर शरीर व संसार से प्रीति छुड़ा सकती है। भक्ति में ही आत्मा-परमात्मा से मिलन करवाने की शक्ति है। प्रभु भक्ति से रोग, शोक, आधि-व्याधि व उपाधि से मुक्ति मिलती है सहज आनंद व आत्म सुख और मुक्ति मिलती है।

चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के अध्यक्ष हरीश नाहटा ने बताया कि भगवान की सवारी में चार सजे संवरे घोड़े, पंचरंगी जैन ध्वज, नगाड़े, बैंड पार्टी, ढोल तासा पार्टी, भगवन महावीर के जीवन आदर्शों का स्मरण दिलाने वाले यथा परमात्मा का समोशरण, चंदन बाला द्वारा भगवान महावीर स्वामी को बाकुले की गोचरी प्रदान करते हुए, भगवान महावीर के कायोत्सर्ग के चित्र, चांदी का कल्पवृक्ष, चांदी का समोशरण आदि शामिल थे। सवारी में शामिल सजे संवरे 9 ऊंट गाड़ों पर बच्चे सवार थे। वहीं श्रावक चंदन की दो चौकियां, पुष्पन के दो हार, केसर भरियों बाटको पूजो नैन कुमार व जिन शासन देव की जय.. के नारे लगा रहे थे।

भगवान की सवारी में शामिल श्रावकों का जगह- जगह चाय, नाश्ता व आइसक्रीम आदि से सत्कार किया गया। अनेक स्थानें पर स्वागत द्वार व बैनर लगाये गए। नाहटा ने बताया कि आदिश्वर मंडल ने भगवान महावीर की सवारी में शामिल होने का 75 वां यानि हीरक जयंती महोत्सव मनाया। वहीं कोचर मंडल ने 83 वां वर्ष, वीर मंडल, महावीर मंडल, जैन गौतम मंडल व जैन मंडल की मंडलियों के सदस्य अलग दुपट्टा व पोशाक तथा बैज लगाये हुए विभिन्न राग व तर्जों में भजनों की प्रस्तुतियां दे रहे थे। श्री चिंतामणि जैन मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद सवारी रवाना हुई। भगवान की सवारी नाहटा चौक, गोलछा, खजांची, रामपुरिया, राखेचा होते हुए गोगागेट के बाहर गौड़ी पार्श्वनाथ मंदिर पहुंची। 7 को सुबह साढ़े नौ बजे गोगागेट के गौड़ी पार्श्वनाथ नाथ मंदिर से रवाना होकर चिंतामणि जैन मंदिर में संपन्न होगी।

चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के तत्वावधान में सकल श्री संघ के सहयोग से बुधवार को भगवान की सवारी गाजे-बाजे से निकली।

ओरण परिक्रमा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

देशनोक, (कासं)। मां करणी की पावन नगरी देशनोक में तीन दिवसीय ओरण परिक्रमा के दौरान लाखों श्रद्धालु उमड़े। इस दौरान सड़कों पर लम्बा जाम लग गया और मोबाइल नेटवर्क भी बाधित हुआ।

दिन ढलते ही देशनोक में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती गई। शाम होते-होते देशनोक-बीकानेर रोड से लेकर भारतमाला मार्ग तक करीब 5 किलोमीटर लम्बा जाम लग गया। वाहनों की कतारें देर रात तक लगी रही और यातायात रात एक बजे के बाद सामान्य हो सका। जाम का मुख्य कारण श्रद्धालुओं द्वारा वाहनों को अव्यवस्थित तरीके से खड़ा करना रहा, जिससे नापासर रोड और बीकानेर रोड दोनों ओर आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गया।

अत्यधिक भीड़ के कारण मोबाइल नेटवर्क भी ठप पड़ गया। फोन कॉल्स लगना बंद हो गए और इंटरनेट कनेक्शन धीमा हो गया, जिससे कई श्रद्धालु अपने परिजनों से संपर्क नहीं कर सके। यह स्थिति नेटवर्क कंपनियों की क्षमता से अधिक संख्या में लोगों के एक साथ जुड़ जाने से बनी।

इस भारी भीड़ के बीच सेवादारों और स्वयंसेवी संस्थाओं ने जगह-जगह पानी, भोजन, चिकित्सा और विश्राम की व्यवस्था की। श्रद्धालुओं ने भी अनुशासन बनाए रखा। पुलिस और प्रशासनिक टीमों ने रात तक मोर्चा संभाले रखा और जाम खोलने के प्रयास किए। विशेषज्ञों ने बताया कि इस बार की ओरण परिक्रमा में अब तक देशनोक के इतिहास की सबसे बड़ी परिक्रमाओं में से एक माना जा रहा है।

सार-समाचार

इंटरनेशनल आर्ट सिम्पोजियम

सुदर्शना आर्ट गैलरी नागरी भंडार में इंटरनेशनल आर्ट सिम्पोजियम प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

बीकानेर, (कासं)। धोरा इंटरनेशनल आर्ट सोसायटी और इंडो कोरिया समकालीन कलाकार समूह के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय इंटरनेशनल आर्ट सिम्पोजियम का समापन बुधवार को सुदर्शना आर्ट गैलरी, नागरी भंडार में हुआ। इस दौरान कलाश्री, महावीर स्वामी, विद्यासागर उपाध्याय, कालीचरण गुप्ता और कोरिया के कलाकार मौजूद थे। शिविर समन्वयक डॉ. रजनीश हर्ष ने बताया कि सिम्पोजियम में दक्षिण कोरिया के अलावा केरल, बैंगलुरू, दिल्ली और जयपुर के साथ बीकानेर के कलाकार ने तीन दिन हरासर हवेली में अपना कला कार्य किया। बीकानेर के कलाकारों के साथ नेशनल ओर कोरियाई कलाकारों ने अपने कला कार्य के साथ एक-दूसरे की कला को जानने का मौका मिला। मूर्त ओर अमूर्त शैली का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में सात कोरियन कलाकारों के अलावा कालीचरण गुप्ता, रश्मि खुराना, संतोष वर्मा, हेमराज, महावीर स्वामी, डॉ विद्यासागर उपाध्याय, विनय शर्मा, डॉ. रजनीश हर्ष, मनीष शर्मा, लोकेश जैन, आशीष श्रृंगी, मनोज सोलंकी, भारती आर्य, सुनील दत्त रंगा, कमल जोशी, डॉ मोना डूडी, योगेंद्र पुरोहित, अनुराग स्वामी और सौरभ शर्मा सहित 27 कलाकारों ने भाग लिया। इन सभी की कलाकृतियों की दो दिवसीय प्रदर्शनी बुधवार को सुदर्शना कला दीर्घा में शुरू हुई। यह गुरूवार को भी आमजन के अवलोकनार्थ खुली रहेगी।

माकपा का प्रशिक्षण शिविर

पूर्व विधायक गिरधारी महिया ने जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर को लेकर माकपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

बीकानेर, (कासं)। पुरानी गिन्नाणी स्थित भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के जिला कार्यालय बी टी आर भवन में आज जिला कमेटी की बैठक पूर्व विधायक कॉमरेड गिरधारी लाल महिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें बतौर राज्य पर्यवेक्षक राम रतन बगडिया उपस्थित रहे। जिला सचिव सुंदरलाल बेनीवाल ने बताया कि बैठक में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए नई भर्ती करने के साथ-साथ जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिसंबर माह के दूसरे सप्ताह में आयोजित किया जाएगा। सचिव ने यह भी बताया कि तहसील कमेटियों की बैठकें भी तय की गई जिसमें जिला पर्यवेक्षक उपस्थित शामिल होंगे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्रीडूंगरगढ़ के पूर्व विधायक कॉमरेड गिरधारी लाल महिया ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की मूंगफली, ग्वार, मोठ और बाजरी की सरकारी खरीद में जानबूझकर देरी कर रही है। किसानों की गिरदावरी पंजीयन से पहले ही सरकार द्वारा पोर्टल बंद करना सरकार का किसान विरोधी कदम है जिसके खिलाफ भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी आंदोलन करेगी। बैठक में श्रीडूंगरगढ़ के तहसील सचिव मुखराम गोदारा, बीकानेर सदर के सचिव भंवरलाल, बीकानेर नगर सचिव बजरंग छिंपा, अशोक शर्मा, मोहनलाल भादू, सीमा जैन, अशोक पुरोहित, रहमत बानो शेखर रेगर, निंबाराम डूडी आदि उपस्थित थे।

हत्यारों का जुलूस निकाला

सूरतगढ़, (कासं)। सूरतगढ़-भोजेवाला रोड़ पर स्थित चक 1 केएसपीएम स्थित खेत की ढाणी में रात के समय सोए हुए वृद्ध की हत्या के मामले में गिरफ्तार पांच आरोपियों का सिटी थाना पुलिस ने बुधवार को शहर के बीच बाजार में कान पकड़वाकर जुलूस निकाला। पुलिस द्वारा इस तरह बेड़ियों में जकड़कर युवकों की परेड किए जाने का दृश्य देख राह चलते लोग रूक गए। थानाधिकारी दिनेश सारण ने बताया कि इस परेड का मकसद यही है कि आमजन अपराध की दुनियां से दूर रहे और अच्छे नागरिक बनें। सीआई ने बताया कि 22 अक्टूबर की रात जमीनी विवाद के चलते वार्ड न. 5 निवासी सुल्तान राम कूकणा की हमलावरों ने लाठी और गंडासी से हमला कर हत्या कर दी थी। इसे लेकर मृतक के भांजे कुलदीप कुमार ने आठ नामजद सहित दो-तीन अन्य के खिलाफ सिटी थाना में हत्या का मामला दर्ज करवाया था। पुलिस ने इस प्रकरण में 26 अक्टूबर को दो भाइयों सहित तीन आरोपियों को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। इसके बाद दो और फिर चार और आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की थी। इनमें से पांच आरोपी रवि चौधरी पुत्र मोहनलाल निवासी प्रेमपुरा, कृष्ण कुमार पुत्र कुंभाराम नायक, मेघराज पुत्र रतिराम नायक, विक्रम पुत्र पवन कुमार नायक तीनों निवासी गांव सोमासर और श्रवण कुमार पुत्र अमरू राम नायक निवासी ठुकराना की पुलिस सुरक्षा में शहर के बाजार में परेड करवाई गई। इसके बाद तीनों आरोपियों को श्रीगंगानगर में कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। वहीं लूणकरणसर उपखंड क्षेत्र में मंदिरों को निशाना बनाने का सिलसिला जारी है। रात महाजन पुलिस थाना क्षेत्र के चक 5 बीएचएम तेजाणा स्थित तेजाजी मंदिर में चोरी की घटना हुई। चोरों ने मंदिर की दान पेटी से नकदी चुरा ली।

घर में मिली महिला डॉक्टर की 4 दिन पुरानी लाश

बीकानेर, (कासं)। बीछवाल में घर में महिला डॉक्टर की सड़ी-गली लाश मिली है। पड़ौसियों को घर के बाहर दुर्गन्ध आई तो उन्होंने पुलिस को बुलाया। घर चारों तरफ से बंद था। पुलिस ने मुख्य गेट को तोड़ा तो घर के अंदर वाले कमरे में बैड पर डॉक्टर का शव दिखाई दिया।

पुलिस ने अंदेशा जताया है कि शव 4 दिन पुराना हो सकता है। पूछताछ में ये भी सामने आया है कि महिला डॉक्टर पड़ौसियों से कम ही बात करती थी। ऐसे में पुलिस ने जर्मनी से उनके डॉक्टर भाई को बुलाया है। मामला बीकानेर के बीछवाल थाना इलाके के करणी नगर स्थित होटल करणी भवन पैलेस के पास भोजवानी विला का बुधवार दोपहर 3 बजे का है।

सीओ सदर अनुष्का कालिया ने बताया कि भोजवानी विला में मोनिका भिजवानी (50) का शव मिला है।

- **पड़ौसियों को दुर्गन्ध आई तो पुलिस को बुलाया**
- **मृतका डॉ. मोनिका भोजवानी पिछले 3 साल से प्रैक्टिस नहीं कर रही थी, वह अकेली थी**

एफएसएल टीम जांच में जुटी है। जर्मनी में रहने वाले मोनिका के भाई डॉ. संजय भोजवानी को जानकारी दे दी गई है। उनके आने के बाद पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की जायेगी।

पुलिस के अनुसार शव लगभग चार से पांच दिन पुराना लग रहा है। शव पूरी तरह गल चुका था और उसमें से तेज दुर्गन्ध आ रही थी। शव को खिदमतगार खादिम सोसायटी व असहाय सेवा संस्थान के सेवादारों की मदद से पीबीएम अस्पताल भेजा गया। डॉक्टर मोनिका भोजवानी कुछ समय से लोगों से मिलजुल नहीं रही थी। अकेली ही घर में रहती थी। घर के अंदर एक कार भी खड़ी है, लेकिन उस पर काफी मिट्टी चढ़ी हुई है। कई दिनों से कार किसी ने चलाई नहीं है।

पुलिस ने उसके भाई को सूचना दी है, जो जर्मनी में वेटरनरी डॉक्टर है। उसके बीकानेर पहुंचने के बाद ही आगे की कार्रवाई शुरू की जायेगी। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करने वाली डॉ. मोनिका भोजवानी 1993 के बैच की स्टूडेंट थी। डॉ. मोनिका भोजवानी पिछले 3 सालों से प्रैक्टिस नहीं कर रही थी। इससे पहले वे बीकानेर के ही प्राइवेट हॉस्पिटल में पैथोलॉजिस्ट थीं। उनके पिता सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज में सीनियर लैब टैक्नीशियन थे।

कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

नापासर, (कासं)। नापासर थाना क्षेत्र में रात एक भीषण सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना पुलिस थाने से लगभग 200 मीटर दूर रोशनी घर के पास रात करीब 9 बजकर 27 मिनट पर हुई। पुलिस ने बताया कि हरिरामपुरा मोहल्ला नापासर निवासी आशीष कुमार, पुत्र श्यामसुंदर ओझा अपने दोस्त पार्थ पुत्र महावीर प्रसाद ओझा, वार्ड नंबर 4 पीलीबंगा के साथ रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे। इसी दौरान देशनोक ओरण परिक्रमा में जा रही एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने गलत साइड से आकर उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर के कारण दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। नापासर थानाधिकारी लक्ष्मण सुथार और 112 के ड्राइवर रोहित थापन मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

झोंपड़े में आग लगने से महिला जिंदा जली

बीकानेर, (कासं)। हदां थाना क्षेत्र में एक खेत में बने झोंपड़े में आग लग गई, जिससे एक महिला जिंदा जल गई। वहीं करीब 16 लाख रूपए के जेवरात, कपड़े और अन्य सामान भी जलकर राख हो गए।

घटना की जानकारी मिलने पर हदां पुलिस और ग्राम विकास अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। उधर कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने भी इस बारे में रिपोर्ट मांगी है। हदां थाना क्षेत्र में आने वाले गांव खेतोलाई मूलवान में अचानक आग लगी। खेत में बनी ढाणी की आग ने झोंपड़े को जलाकर राख कर दिया।

यहां भूराराम पुत्र चुनाराम नायक की एक झोंपड़ी थी। इसी झोंपड़ी में उसकी बेटी सुशीला (30) सो रही थी। अचानक आग की चपेट में आने से वो बाहर नहीं आ सकी। जलने से उसकी मौत हो गई। उसका शव कोलायत के उप जिला अस्पताल की मोर्चरी

- **16 लाख रूपए के जेवरात सहित सारा सामान जलकर राख**
- **हंदा के गांव खेतोलाई मूलवान में आगजनी**

पहुंचाया गया जहां पोस्टमॉर्टम होगा।

ग्राम पंचायत झझू के प्रशासक की ओर से दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि करीब तीन लाख रूपए का घर का सामान जल गया। वहीं सोने व चांदी के करीब दस लाख रूपए के आभूषण भी जल गए हैं। मोठ व धान भी यहां पड़ी थी। पचास क्विंटल धान जल गया। इसके अलावा एक गाय और तीन बकरियां भी जलने से मर गई। करीब 16 लाख 55 हजार रूपए के नुकसान की आशंका जताई गई है।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

बीकानेर, (कासं)। यहां देर रात कानासर रेलवे फाटक के पास एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। शव पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। घटना देर रात करीब 11 बजे की है।

घटना के बाद एक बार ट्रेन भी मौके पर रूकी, लेकिन बाद में उसे लालगढ़ के लिए रवाना कर दिया गया। कानासर रेलवे फाटक से कुछ ही दूरी पर ये युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को क्षत विक्षत स्थिति में पीबीएम अस्पताल पहुंचाया गया। जहां मोर्चरी में रखा गया है। खिदमतगार खादिम सोसायटी व

- **कानासर रेलवे फाटक से कुछ ही दूरी पर हुआ हादसा**

असहाय सेवा संस्थान के सेवादार सोएब, मो जुनैद खान, इमरान व राजकुमार खड़गावत ने शव को एम्बुलेंस से पीबीएम अस्पताल पहुंचाया। मौके पर बीछवाल थाना पुलिस व जीआरपी पुलिस पहुंची। युवक के कपड़ों में भी कोई पहचान पत्र नहीं मिल पाया है। वह ट्रेन में सवार था या फिर कानासर गांव के आसपास का ही रहने वाला था। ये अब तक स्पष्ट नहीं हो सका। पुलिस उसकी पहचान कर रही है।

आग लगने से नुकसान

नोखा, (कासं)। नोखा स्थित दावा गांव की टेला ढाणी में भीषण आग लगने से मनोहर नैन की ढाणी पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। इस घटना में अनाज, कपड़े, गहने और नगदी सहित लाखों रूपए का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार मनोहर पुत्र भगवान राम नैन की ढाणी में लगी आग से घर का सारा सामान जल गया। परिजनों के अनुसार आग में अनाज, कपड़े, गहने और नगदी सहित अन्य घरेलू सामान का भारी नुकसान हुआ है। परिजन फिलहाल नुकसान का आंकलन कर रहे हैं। आग लगने की सूचना मिलते ही नोखा से फायर फाइटर की टीम और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सभी ने मिलकर आग पर काबू पाया। घटना की जानकारी मगनाराम गोदारा ने दी।

सरपंच के खिलाफ मामला दर्ज कराने की मांग पर अड़े ग्रामीण

अनूपगढ़,(कासं)। अनूपगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 54 जीबी में ग्रामीण पिछले 30 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। ग्रामीण ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों की आरटीआई के तहत जानकारी देने और पिछले पांच वर्षों में हुए कार्यों में भ्रष्टाचार की जांच की मांग कर रहे हैं।

सरपंच और तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये गए हैं। ग्रामीणों की मांगें पूरी न होने पर दो दिन पहले एक ग्रामीण ने आमरण अनशन भी शुरू कर दिया है। आमरण अनशन शुरू होने के बाद बुधवार को विकास अधिकारी विनोद कुमार रैगर धरना स्थल पर पहुंचे और आंदोलनकारी ग्रामीणों से

- **अनूपगढ़ की ग्राम पंचायत 54-जीबी में विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का मामला**

बातचीत की। ग्रामीणों ने विकास अधिकारी को बताया कि सरपंच और तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत में करवाए गए विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया है। ग्रामीण इस मामले में दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग पर अड़े हुए हैं।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि प्रशासन द्वारा भ्रष्टाचार की जांच के लिए एक समिति का गठन किया गया था। इस समिति को 15 दिनों के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि 25 दिन बीत जाने के बाद भी जांच कमेटी अपनी रिपोर्ट पूरी नहीं कर पाई है। विकास अधिकारी विनोद कुमार रैगर ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जांच कमेटी निष्पक्षता से काम कर रही है और जल्द ही अपनी जांच पूरी कर लेगी। हालांकि, ग्रामीणों ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक दोषी सरपंच और अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज नहीं हो जाता, उनका धरना जारी रहेगा। विकास अधिकारी की समझाइश के बावजूद ग्रामीण अपनी मांगों पर दृढ़ हैं।

बीकानेर संभाग के 705 वरिष्ठ नागरिक पांच ज्योर्तिलिंग यात्रा पर रवाना

बीकानेर,(कासं)। देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, त्रंबकेश्वर, घृष्णेश्वर तथा एलोरा के लिए विशेष ट्रेन बुधवार को बीकानेर रेलवे स्टेशन से रवाना हुई।

विधायक जेठानंद व्यास तथा सुमन छाजेड़ ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इस अवसर पर जेठानंद व्यास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान देने के उद्देश्य से इस योजना में कई नवाचार किए हैं। पहली बार सभी वरिष्ठ यात्रियों को वातानुकूलित ट्रेन में यात्रा करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी कारण से यात्रा न कर पाने वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह योजना वरदान साबित हो रही है। वे अपने जीवन में कम से कम एक तीर्थ स्थान की यात्रा

विधायक जेठानंद व्यास व भाजपा शहर अध्यक्ष सुमन छाजेड ने वरिष्ठ नागरिकों को पांच ज्योर्तिलिंगों की यात्रा के लिए ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

ससम्मान कर रहे हैं। उन्होंने सभी वरिष्ठ नागरिकों को शुभकामनाएं तथा देवस्थान विभाग के अधिकारियों को समुचित व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए।

सुमन छाजेड़ ने कहा कि यह योजना सरकार की वरिष्ठजनों के प्रति मान-सम्मान की भावना को दर्शाती है। योजना के तहत यात्रियों के ट्रेन में

- **वरिष्ठ नागरिकों को वातानुकूलित ट्रेन में यात्रा करवाई जा रही है**

आने-जाने से लेकर ठहरने भोजन तथा स्थानीय ऑटो आदि की व्यवस्था भी सरकार द्वारा निशुल्क करवाई जायेगी।

देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त गौरव सोनी ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पांच ज्योर्तिलिंगों की यात्रा के लिए रवाना हुई ट्रेन में बीकानेर संभाग के 705 वरिष्ठ नागरिक रवाना हुए।

इनमें बीकानेर और चूरू के 421 तथा श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ़ के 284 वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। वहीं जयपुर संभाग के 200 वरिष्ठ नागरिक जयपुर रेलवे स्टेशन से इसमें शामिल होंगे।

सड़क हादसों में दो लोग घायल

खाजूवाला, (कासं)। यहां देर रात हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर रेफर किया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली।

पहला हादसा खाजूवाला-बीकानेर सड़क मार्ग पर पूगल थाना क्षेत्र के एडीएम फांटा के पास हुआ। यहां मोटरसाइकिल बेकाबू होने से चक 1 पीबी निवासी शहजाद पुत्र शरीफ खान गंभीर रूप से चोटिल हो गया। दूसरा हादसा खाजूवाला-आनंदगढ़ सड़क मार्ग पर दंतौर थाना क्षेत्र के चक 15 की पुली के पास हुआ। मोटरसाइकिल के आगे अचानक पशु आ जाने से चक 1 केएलडी निवासी 50 वर्षीय सहीराम पुत्र बिशनाराम मेघवाल घायल हो गए। उन्हें हाथ में फैक्चर और सिर में चोटें आई। सहीराम को खाजूवाला के उप जिला अस्पताल में डॉ. पूनाराम रोझ ने प्राथमिक उपचार दिया। गंभीर चोटों के कारण उन्हें बीकानेर रेफर कर दिया गया।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2025/4472 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 04-11-2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 7 के किला नं. 9, 12 में भूखण्ड संख्या का माप 25'-0'' गुणा 73'-0'' फीट के नियमन/पटटा हेतु आवेदक **श्री हरदीप सिंह पुत्र श्री सरदुल सिंह निवासी 09 छोटी चूनावढ़ श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक **श्री हरदीप सिंह पुत्र श्री सरदुल सिंह निवासी 09 छोटी चूनावढ़ श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 7 के किला नं. 9, 12 में भूखण्ड संख्या का माप 25'-0''गुणा 73'-0'' फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2025/4473 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 04-11-2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 5/6 के किला नं. 20, 21 में भूखण्ड संख्या का माप 20'-0''गुणा 50'-0'' फीट के नियमन/पटटा हेतु आवेदक **श्री रिछपाल सोनी पुत्र श्री गणपत राम सोनी निवासी 6 ई छोटी नेहरा नगर श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक **श्री रिछपाल सोनी पुत्र श्री गणपत राम सोनी निवासी 6 ई छोटी नेहरा नगर श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 5/6 के किला नं. 20, 21 में भूखण्ड संख्या का माप 20'-0''गुणा 50'-0'' फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/4471 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 04.11.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 9 के किला नं. 16 में भूखण्ड संख्या का माप 30' गुणा 52'-6'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री हंसराज पुत्र श्री मनफूल राम निवासी 2 एच एच नेतेवाता उद्योग विहार श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री हंसराज पुत्र श्री मनफूल राम निवासी 2 एच एच नेतेवाता उद्योग विहार श्रीगंगानग